पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 08 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक-02-09-2023

दिनांक-01/02-09-2023 को रात्रि थाना माल 01, थाना पीजीआई 01, ठाकुरगंज 03, विभूतिखण्ड 03 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना आशियाना 03 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 08 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना जानकीपुरम-दिनांक 02.09.2023 को थाना जानकीपुरम द्वारा बताया गया कि वादी श्री शुभम जायसवाल पुत्र श्री राजीव जायसवाल निवासी-प्लाट नं0 8 मिर्जापुर पुलिया के पास, जानकीपुरम विस्तार थाना जानकीपुरम लखनऊ ने थाना जानकीपुरम पर सूचना दिया कि वादी अपने पुरे परिवार के साथ दिनांक 30.08.2023 को समय करीब 04.00 बजे सांय को घर से बाहर गया हुआ था। दिनांक 01.09.2023 को सुबह करीब 10.30 बजे वादी के पड़ोसी के द्वारा फोन से वादी को सूचना दी गयी कि वादी के उक्त घर का ताला टूटा हुआ है। दरवाजे पर ताला नहीं है। इस सूचना पर वादी जब अपने उक्त घर पर वापस आया तो देखा तो घर के सारे ताले व आलमारी के ताले टूटे हुये हैं। आलमारी में रखे कीमती जेवरात, ढाई से तीन लाख रूपये नगद व एक अदद स्कूटी नं0 यूपी 32 जेएम 0227 व घर में रखे गैस सिलेण्डर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना जानकीपुरम पर मु0अ0सं0 208/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना ठाकुरगंज-दिनांक 02.09.2023 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि इंजीनियर श्री रामबाबू निवासी-दतली थाना मलिहाबाद लखनऊ ने थाना ठाकुरगंज पर सूचना दिया कि आज दिनांक 02.09.2023 को समय करीब 01.47 बजे दोपहर को बन्धा रोड के पास चल रहे एक कन्सट्रक्शन साइट में काम करने वाले मजदूरों ने देखा कि एस0बी0एस0 कन्सट्रक्शन कम्पनी में जेसीबी चालक प्रताप ने अपने आवास- कमरा नं0 18, टॉवर नं0 15, प्रधानमंत्री आवास योजना में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री रंजीत कुमार पाठक मो0नं0-8953926667 थाना ठाकुरगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि प्रताप पुत्र हरिप्रसाद उम्र करीब 30 वर्ष निवासी- कमरा नं0 18, टॉवर नं0 15, प्रधानमंत्री आवास योजना ठाकुरगंज लखनऊ मूलपता- संडौरा, रामपुर कला जनपद सीतापुर ने अपने आवास के कमरे में छत के कुण्डे में प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक का करीब 01 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था और मृमक के 01 पुत्र है।

<u>थाना ठाकुरगंज</u>-दिनांक 02.09.2023 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री गौरव सिंह पुत्र स्व0 सुखनन्द कुमार निवासी- म0नं0 441/452 गौशाला रोड आम्रपाली थाना ठाकुरगंज लखनऊ ने थाना ठाकुरगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 31.08.2023 को समय करीब सुबह 11.00 बजे अपने भवन व कमरों में ताला लगाकर मलिहाबाद अपनी नानी के घर चला गया था। दिनांक 01.08.2023 को समय लगभग दोपहर 02.15 बजे वादी जब अपने भवन वापस आया तो देखा तो कि कमरों ताले टूटे हुए थे व अन्दर के कमरे में रखी आलमारी जिसके लॉकर में रखे कीमती जेवरात व करीब 1,85,000/-रूपये नगद को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना ठाकुरगंज पर मु0अ0सं0 605/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना इटौंजा</u>-दिनांक 02.09.2023 को थाना इंटौजा द्वारा बताया गया कि श्री बुद्धालाल पुत्र पंचम निवासी-हरदा कालोनी मजरा अकड़इया कला थाना इटौंजा लखनऊ ने थाना इटौंजा पर सूचना दिया कि दिनांक 01.09.2023 को समय करीब 02.00 बजे दोपहर को उसके छोटे पुत्र दुर्गा उम्र करीब 40 वर्ष ने कोई नशीला/ जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी तबियत काफी खराब होने लगी तो उसे इलाज के लिए 100 शैय्या अस्पताल साढ़ामऊ ले जाया गया, जहां से प्राइवेट अस्पताल बुद्धेश्वर ले गये जहां पर दौराने इलाज रात्रि में उसके पुत्र दुर्गा उपरोक्त की मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री ओम प्रकाश तिवारी मो0नं0-6394799594 थाना इटौंजा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक प्लम्बर का काम करता था। मृतक के 03 पुत्र व 03 पुत्रियां हैं।